
दैनिक
प्रातः कालीन
मुरादाबाद से प्रकाशित
# क्यूँ न लिखूँ सच
वर्ष :-04
अंक:-309
मुरादाबाद
02 March 2025
(Sunday)
पृष्ठ:-08
मूल्य:- 3.00 रूपया
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## पीएम मोदी बोले- दुनियाभर के लोग भारत आना चाहते हैं, भारत को जानना चाहते हैं; विपक्ष को भी घेरा



भारत मंडपम में हृङ्ङ्ञ कॉन्क्लेव 2025 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि मुझे लुटियन जमात पर आश्चर्य हो रहा है, ये खान मार्केट गैंग पर आश्चर्य हो रहा है। ये लोग 75 साल तक ऐसे कानून पर चुप क्यों थे। ये हमारी सरकार है जिसने गुलामी के कालखंड के कानून को खत्म किया।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को नई दिल्ली के भारत मंडपम में एक कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि दुनियाभर के लोग भारत आना चाहते हैं और भारत को जानना चाहते हैं। आज भारत दुनिया का वो देश है, जहां हर दिन सकारात्मक खबरें बन रही हैं। जहां हर दिन नए रिकॉर्ड बन रहे हैं। 26 फरवरी को प्रयागराज में एकता का महाकुंभ संपन्न हुआ। दुनिया इस बात से हैरान है कि कैसे करोड़ों लोग एक नदी तट पर बसे एक अस्थायी जगह पर पवित्र स्नान करने के लिए आते हैं। दुनिया भारत की संगठन और नवाचार कौशल को देख रही है। दुनिया इस भारत को विस्तार से जानना चाहती है।भारत मंडपम में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, ...मीडियो हाउस ने पहले की जो समिट की है वो नेता सेंट्रिक रही है मुझे खुशी है ये नीति सेंट्रिक है। यहां नीतियों की चर्चा हो रही है...मैं देख रहा हूं आपका ये समिट आने वाले कल को समर्पित है। उन्होंने कहा कि कुछ महीने पहले ही भारत ने दुनिया के सबसे बड़े चुनाव कराए हैं। 60 साल बाद ऐसा हुआ जब भारत में कोई सरकार लगातार तीसरी बार वापस लौटी है। इस जन-विश्वास का आधार पिछले 11 साल में भारत की अनेकों उपलब्धियां हैं। उन्होंने कहा, मुझे विश्वास है कि आपका नया चैनल भारत की वास्तविक कहांनियां दुनिया तक पहुंचाएगा। बिना कोई रंग दिए आपका ग्लोबल चैनल, भारत की वैसी ही तस्वीर दिखाएगा, जैसा वो है। हमें मेकअप की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि कई साल पहले मैंने वोकल फॉर लोकल और लोकल फॉर ग्लोबल का विजन देश के सामने रखा था। आज हम इस विजन को सच्चाई में बदलते हुए देख रहे हैं। आज हमारे आयुष प्रॉडक्ट्स और योग स्थानीय से वैश्विक हो गए हैं। आज भारत के सुपरफूड, हमारा मखाना, स्थानीय से वैश्विक हो रहा है। भारत के मिलेट्स-श्रीअन्न भी, स्थानीय से वैश्विक हो रहे हैं।पीएम मोदी ने कहा कि भारत, दुनिया का सातवां सबसे बड़ा कॉफी एक्सपोर्टर बन गया है। दशकों तक, दुनिया भारत को अपना बैक ऑफिस कहती थी, लेकिन आज, भारत न्यू फैक्ट्री ऑफ द वर्ल्ड बन रहा है। हम सिर्फ वर्कफोर्स नहीं, वर्ल्ड-फोर्स हैं। आज भारत बहुत बड़े टारगेट्स रख पा रहा है, उनको अचीव कर रहा है... तो इसके मूल में एक खास मंत्र है। ये मंत्र है- मिनिमम गवर्नमेंट, मैक्सिमम गवर्नेंस। ये कुशल और प्रभावी शासन का मंत्र है। बीते एक दशक में हमने करीब 1,500 ऐसे कानूनों को खत्म किया है, जो अपना महत्व खो चुके थे। इनमें से बहुत सारे कानून अंग्रेजी शासन के दौरान बने थे। उन्होंने कहा कि मुझे उस समय की सरकार और नेताओं से कुछ कहना नहीं है, लेकिन मुझे ज्यादा तो ये लुटियन जमात पर आश्चर्य हो रहा है, ये खान मार्केट गैंग पर आश्चर्य हो रहा है। ये लोग 75 साल तक ऐसे कानून पर चुप क्यों थे। ये हमारी सरकार है जिसने गुलामी के कालखंड के कानून को खत्म किया।

## योगी को तो उर्दू नहीं आती फिर वे वैज्ञानिक क्यों नहीं बन गए, ओवैसी का यूपी के सीएम पर पलटवार



ओवैसी ने कहा कि यूपी के सीएम को उर्दू नहीं आती, तो वे वैज्ञानिक क्यों नहीं बन गए? यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा में कहा था कि सरकार शिक्षा सुविधा देना चाहती है तो सपा कहती है कि उर्दू पढ़ाओ। ये बच्चों को मौलवी बनाना चाहते हैं और देश को कठमुल्लापन की ले जाना चाहते हैं। एआईएमआईएम के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर पलटवार किया। उत्तर प्रदेश विधानसभा में उर्दू भाषा पर की गई टिप्पणी को लेकर ओवैसी ने कहा कि यूपी के सीएम को उर्दू नहीं आती, तो वे वैज्ञानिक क्यों नहीं बन गए? दरअसल योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा में कहा था कि सरकार शिक्षा सुविधा देना चाहती है तो सपा कहती है कि उर्दू पढ़ाओ। ये बच्चों को मौलवी बनाना चाहते हैं और देश को कठमुल्लापन की ले जाना चाहते हैं।

उन्होंने कहा कि यूपी के सीएम जिस विचारधारा से आते हैं, उस विचारधारा में से किसी ने भी देश की आजादी की लड़ाई में हिस्सा नहीं लिया। योगी आदित्यनाथ गोरखपुर से आते हैं। रघुपति सहाय फिराक भी उसी गोरखपुर से आते हैं। वे एक प्रसिद्ध उर्दू कवि थे। लेकिन वे मुसलमान नहीं थे। सीएम योगी की टिप्पणी उनकी बौद्धिक क्षमता को दर्शाती है। ओवैसी ने कहा कि यूपी के सीएम को यह भी नहीं पता कि उर्दू उत्तर प्रदेश की संस्कृति का हिस्सा है।

आरएसएस और बीजेपी के लोग नहीं जानते कि उर्दू को अन्य भाषाओं की तरह संविधान में संरक्षित किया गया है। वे नहीं जानते कि हर मुसलमान उर्दू नहीं बोलता, यह मुसलमानों की भाषा नहीं है। यह इस देश की आजादी की भाषा रही है। यह इस देश की भाषा है। भाजपा इस देश को एक भाषा, एक धर्म, एक विचारधारा और एक नेता के हिसाब से बनाना चाहती है। सीएम योगी ने सपा पर साधा था निशाना-उत्तर प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र के पहले दिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विपक्ष, विशेष रूप से समाजवादी पार्टी पर तीखा हमला बोला था। उन्होंने कहा था कि सपा अपने बच्चों को इंग्लिश मीडियम स्कूलों में पढ़ाएगी और जब सरकार आम जनता के बच्चों को बेहतर सुविधाएं देने की बात करती है, तो ये लोग उर्दू थोपने की वकालत करने लगते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सपा देश को कठमुल्लापन की ओर ले जाना चाहती है, जो कतई स्वीकार्य नहीं होगा।

### संक्षिप्त समाचार

#### अदालतों के अधिकार क्षेत्र का अतिक्रमण करने पर सुप्रीम कोर्ट ने जताई नाराजगी, हाईकोर्ट का फैसला

एनसीबी ने इस मामले में दोनों के खिलाफ मामला दर्ज कर दोनों को हिरासत में ले लिया। इसके बाद संदिग्ध पाउडर को जिसे हेरोइन बताया जा रहा था, उसे जांच के लिए भेजा गया। 30 जनवरी 2023 को लेबोरेट्री ने अपनी रिपोर्ट में संदिग्ध पाउडर के हेरोइन होने से इनकार कर दिया।सुप्रीम कोर्ट ने अदालतों के अपने अधिकार क्षेत्र के बाहर जाकर फैसला सुनाने पर नाराजगी जताई है। इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय का फैसला पलट दिया, जिसमें नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो को एक व्यक्ति को गलत तरीके से हिरासत में रखने के लिए पांच लाख रुपये मुआवजा देने का आदेश दिया गया था। जस्टिस संजय करोल और जस्टिस मनमोहन की पीठ ने कहा कि मुआवजा देने का आदेश कानूनी अधिकार के बिना लिया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की याचिका पर सुनवाई करते हुए ये निर्देश दिए। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ खंडपीठ के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने मान सिंह वर्मा और अमन सिंह नामक व्यक्तियों के पास से 1280 ग्राम संदिग्ध पाउडर बरामद किया था। इस संदिग्ध पाउडर को कथित तौर पर हेरोइन बताया गया। एनसीबी ने इस मामले में दोनों के खिलाफ मामला दर्ज कर दोनों को हिरासत में ले लिया। इसके बाद संदिग्ध पाउडर को जिसे हेरोइन बताया जा रहा था

## विधानसभा कार्यवाही: संसदीय कार्यमंत्री बोले- कंपनी बदलने पर नहीं बदले जाएंगे आउटसोर्स कर्मी, शासनादेश जारी



विधानसभा कार्यवाही के दौरान संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि कंपनी बदलने पर आउटसोर्स कर्मियों को बदलना नियम विरुद्ध हैं। इसके लिए शासनादेश जारी कर दिया गया है। राजधानी लखनऊ स्थित विधानसभा में संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने शुक्रवार को कहा कि कंपनी बदलने पर आउससोर्स वाले कर्मचारियों को निकालना नियम विरुद्ध है। राज्य सरकार ने दिसंबर, 2019 में जारी शासनादेश में इसकी व्यवस्था कर दी थी। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार के विभागों में आउटसोर्सिंग वाले कर्मचारियों की आरक्षण की व्यवस्था पहले से है। खन्ना सपा सदस्य महेंद्र सिंह यादव की ओर से सरकारी विभागों में आउटसोर्सिंग वाले कर्मचारियों के आरक्षण प्रदान किए जाने को लेकर पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे। कम मजदूरी देने को लेकर सवाल पूछा- वहीं दूसरी ओर श्रम मंत्री अनिल राजभर ने सपा सदस्य शहजिल इस्लाम द्वारा उद्योगों, निजी अस्पतालों, अपार्टमेंट, शॉपिंग माल में कर्मचारियों से अधिक घंटे तक काम लेने और न्यूनतम निर्धारित दर से कम मजदूरी देने को लेकर सवाल पूछा। इस पर श्रम मंत्री ने कहा कि ज्यादा घंटे काम लेने और कम मजदूरी देने की शिकायत पर विभाग द्वारा कार्रवाई की जाती है। विभाग द्वारा लगातार निरीक्षण भी कराया जाता है। बीते वर्ष 29 हजार निरीक्षण कराए गए। 10,734 वाद अदालत में दायर किए गए।

बीते एक वर्ष में 2.48 करोड़ रुपये की राशि भी दिलाई गई है। जल्द शुरू होगी होमगार्ड स्वयंसेवकों की भर्ती- सपा सदस्य संदीप सिंह द्वारा होमगार्ड स्वयंसेवकों का वेतन बढ़ाने और भर्तियां करने को लेकर पूछे गए सवाल के जवाब में होमगार्ड मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने कहा कि भर्तियों की प्रक्रिया जल्द शुरू की जाएगी। होमगार्ड का पद स्वयंसेवक का है। 2017 में भाजपा सरकार बनने पर 25 रुपये मानदेय बढ़ाया गया था। इसी तरह 2019 में 100 रुपये का इजाफा किया गया। पहले होमगार्ड स्वयंसेवकों की बीमा राशि 3 लाख रुपये थी। हमने 5 लाख अनुग्रह राशि देने का फैसला लिया। वर्तमान में बैंकों से टाई-अप करके होमगार्ड के मृतक आश्रितों को 25 से 40 लाख रुपये बीमा राशि दिलवाई जा रही है। मृतक आश्रितों को नौकरी भी दे रहे हैं। अतुल प्रधान पूछ सकेंगे सवाल-विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने सपा सदस्य अतुल प्रधान के सवाल पूछने पर लगी रोक को हटा लिया है। सपा सदस्य के अनुरोध को उन्होंने स्वीकार कर लिया।

## सनातन बोर्ड का हो गठन..., साध्वी ;तंभरा बोलीं- वक्फ की जमीनों को हड़पने की साजिश होनी चाहिए विफल



रामनगरी पहुंचीं साध्वी ऋतंभरा ने कहा कि सनातन बोर्ड का गठन होना चाहिए। साथ ही वक्फ की जमीनों को हड़पने की साजिश विफल होनी चाहिए। यूपी के अयोध्या स्थित राम मंदिर आंदोलन की अहम किरदार रहीं साध्वी ऋतंभरा ने सनातन बोर्ड के गठन की वकालत की है। उन्होंने कहा कि सनातन बोर्ड का विषय महत्वपूर्ण है। वक्फ बोर्ड ने जमीनों को हड़पने की साजिश रची है, यह विफल होनी चाहिए। भारत के खिलाफ बहुत से लोगों ने षड्यंत्र किया लेकिन अभिमंत्रित मंत्र से वे विफल हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि धर्म के कार्यों में जल्दी नहीं की जानी चाहिए। नीतियां काम नहीं आती बल्कि नियत काम आती है। हमने नारा दिया था अयोध्या, मथुरा, काशी विश्वनाथ तीनों लेंगे एक साथ। अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण हो चुका है, दूसरे व तीसरे चरण का काम भी चल रहा है। हमने कभी सोचा नहीं था कि राम मंदिर बनेगा। साध्वी ने कहा कि 500 साल लग गए लेकिन आज भव्य राम मंदिर में रामलला के दर्शन हो रहे हैं। कानून के माध्यम से काशी व मथुरा की भी हमारी लड़ाई चल रही है, उस पर हमारा अधिकार है। पत्थर अपनी कहानी स्वयं कह रहे हैं। महाकुंभ को लेकर राजनीतिक बयानबाजी पर कहा कि जाकी रही भावना जैसी प्रभु मूरत देखी तिन तैसी...गिद्धों को लाशें दिखती हैं यह कहकर सीएम योगी ने ऐसे लोगों को जवाब दे दिया है। महाकुंभ में जातियों की दीवारें ध्वस्त हो गईं। पूरा भारत एक हो गया। सब एकात्मता के भाव में नजर आए। हम एक हैं और एक रहेंगे- साध्वी ने कहा कि सब लोग अपनी मातृ भाषा में बात करें। हिंदी, हिंदू, हिन्दुस्तान तो सिरमौर है और रहेगा। नेताओं की कलूषित मानसिकता से अब भारत मुक्त होगा, क्योंकि भारत अब जाग चुका है। पार्टियां और जातियां हमें नहीं बांट पाएंगी, हम एक हैं और एक रहेंगे।

## मौलाना तौकीर रजा के खिलाफ रिवीजन याचिका खारिज, भड़काऊ भाषण मामले में की गई थी कार्रवाई की मांग

बरेली में रिठौरा निवासी अधिवक्ता वीरेंद्र पाल गुप्ता ने मौलाना तौकीर रजा के खिलाफ रिवीजन याचिका दाखिल की थी, जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया है। बरेली में इत्तेहाद-एमिल्लत कौंसिल ( आईएमसी ) प्रमुख मौलाना तौकीर रजा के खिलाफ रिवीजन याचिका को न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश कक्ष संख्या चार गगन कुमार भारती ने खारिज कर दिया है। कस्बा रिठौरा निवासी अधिवक्ता वीरेंद्र पाल गुप्ता ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के न्यायालय में मौलाना तौकीर रजा के खिलाफ धारा 156 ( 3 ) के तहत अर्जी दी थी। आरोप लगाया था कि तौकीर रजा 2010 के दंगों के आरोपी हैं। समय-समय पर वह भड़काऊ भाषण देकर माहौल खराब कर हिंसा फैलाने का प्रयास करते हैं। उनके खिलाफ कई आपराधिक मामले भी दर्ज हैं। फरवरी 2024 में शहर में धारा 144 लागू होने के बाद भी तौकीर रजा ने सामूहिक गिरफ्तारी का आह्वान कर भीड़ एकत्र कर माहौल खराब करने की कोशिश की। कोर्ट ने यह अर्जी 15 मई 2024 को खारिज कर दी थी। इस आदेश के खिलाफ वीरेंद्र ने रिवीजन याचिका दाखिल की थी। रिवीजन पर सुनवाई के बाद कोर्ट ने इसे खारिज करते हुए 15 मई 2024 के आदेश को सही करार दिया है। आईएमसी के पूर्व मीडिया प्रभारी मुनीर इदरीसी ने कोर्ट के फैसले का स्वागत किया है। उन्होंने कहा कि कुछ सांप्रदायिक लोग मौलाना तौकीर रजा की छवि को खराब करना चाहते हैं।



## संपादकीय Editorial

# CAG is not a 'warrant'

The new BJP government of the Delhi quasi-state is fuming a lot on the reports of the Comptroller and Auditor General (CAG). It is being given the impression that while the CAG reports will be presented in the assembly, former Chief Minister Kejriwal will be sent behind bars after a preliminary analysis.

Do not confuse the public and the novice media so much. Presenting the CAG report in the House is a constitutional obligation. It is only a system of government accounting to check whether the government has spent correctly or has done wrong in proportion. CAG can raise questions on the irregularities in the economic decisions and functioning of the government, but it is not the job of CAG to tell about deficit, loss etc. and neither can it mention bribe, corruption etc. This is the constitutional responsibility of other agencies.

The CAG report is also not a court warrant to put the Chief Minister and ministers of the previous government in jail. If this was the case, then the Chief Ministers and Ministers of states like Maharashtra, Karnataka, Telangana, Gujarat and even the Union Finance Minister should have been in jail. CAG has also raised questions on them regarding irregularities or excessive, wasteful expenditure. Delhi's newly-appointed Chief Minister Rekha Gupta has presented the CAG report related to the liquor scam in the Assembly. There are 13 more reports to be presented. Among them, 6 reports are said to be gathering dust for about 500 days because they were not presented in the House. Kejriwal and Atishi government have committed this important constitutional mistake. CAG 'audits' the expenditure of all the states including the central government.

This is a constitutional mandate, but it is just a review of accounts. We have seen CAG reports lying like trash in the corridors of Parliament and outside them. It has been really rare to see or hear a debate on these reports in Parliament. Just remember the CAG reports during the Congress-led UPA government and the sensational revelations of the then chief Vinod Roy! Whenever he would make some revelations, there would be a flood of scams like 2G spectrum worth Rs. 1.78 lakh crore, coal mine allocation, Commonwealth Games, submarine purchase etc.

Newspapers would publish 8 column banner news. The Left parties and BJP had created a ruckus inside and outside the Parliament. Of course, some leaders like the then Communications Minister A. Raja and DMK Chief Minister Karunanidhi's MP daughter Kanimozhi were arrested, but after some time the court released them on bail. Ultimately those CAG reports proved to be 'much ado about nothing'. The serious mistakes made by the then CAG chief Vinod Roy are being repeated once again. The issue of Kejriwal government's liquor policy and the alleged scam is pending in the court. The Supreme Court has released the then Chief Minister Kejriwal, former Deputy Chief Minister Manish Sisodia, Rajya Sabha MP Sanjay Singh etc. on full bail. It is unethical to use words like thief, robber, ruiner, scammer etc. for Kejriwal, Sisodia etc.

हिंदी अंग्रेजी दैनिक समाचार पत्र
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
को आवश्यकता है उत्तर प्रदेश ,
उत्तराखंड मध्य प्रदेश ,दिल्ली
,बिहार पंजाब छत्तीसगढ़ राजस्थान
आदि सभी राज्यों से रिपोर्टर,जिला
ब्यूरो विज्ञापन प्रतिनिधि की
सम्पर्क करे-9027776991

# Efforts to improve the health of farming, identification of fertilizers is necessary for farmers

The government has also started the Nutrition Based Subsidy (NBS) scheme. In this, balanced use of fertilizers is being promoted. So far 21 fertilizers have been brought under the ambit of the NBS scheme. To improve the health of the soil, the Modi government is emphasizing on crop diversification. Under this, the government has substantially increased the support price of pulses, oilseeds and coarse grains. Feeding 17.8 percent of the world's population on 2.5 percent of the world's land is definitely a challenging task. So far, the country's farmers have lived up to this challenge, but if we look at the rate of decline in soil fertility, the future path is not easy. The result of lifeless soil is that the elderly keep complaining that how come the grains are becoming so tasteless? Earlier, farmers used to sow many crops simultaneously and hundreds of varieties of the same crop were available. In fact, during the Green Revolution, crops were imposed from above, ignoring the ecological conditions of a particular area. For example, wheat cultivation in South India and paddy cultivation in Punjab. Farmers started cultivating only those crops which fetched good prices in the market. Due to this, pulses and oilseeds crops were pushed to infertile and marginal lands. Thus, the crop cycle came to a halt, due to which the fertility, moisture and friability of the soil started decreasing. To compensate for this, the use of chemical fertilizers increased and green manure, compost etc. were forgotten. The use of chemical fertilizers and pesticides initially increased the productivity, but later it started declining. For example, in 1960, one kg of chemical fertilizer used to increase the yield by 25 kg, which was reduced to 15 kg in 1975 and to only four kg in 2014. The importance of soil can be estimated from the fact that the soil which takes 500 years to form a two centimeter thick layer, gets destroyed in just a few seconds. So far, 9.60 lakh hectares of land of the country has been destroyed. Every year 5.3 billion tonnes of topsoil is lost to water erosion. After decades of neglect, Prime Minister Modi, taking care of the health of the soil, launched the Soil Health Card Scheme on 19 February 2015 in Suratgarh, Rajasthan with the theme of Swasth Dhara-Khet Hara. Under this scheme, soil samples are taken twice a year, i.e. after harvesting Rabi and Kharif crops or when there is no crop in the field. The Soil Health Card shows the quantity of 12 elements present in the soil. After the Soil Health Card is prepared, Agricultural Technology Management Agency, Krishi Vigyan Kendra, Krishi Sakhi etc. suggest to the farmers which fertilizer should be used in which soil. This has reduced the unnecessary and unbalanced use of chemical fertilizers. Seeing the success of the Soil Health Card in Gujarat, Narendra Modi implemented it in the entire country after becoming the Prime Minister. By the completion of a decade of this scheme, 24.74 crore Soil Health Cards have been distributed in the country. 8,272 soil testing laboratories were established across the country. The Soil Health Card portal provides the facility of cards in all major languages. Kendriya Vidyalayas, Navodaya Vidyalayas and Eklavya Model Schools have been included under this unique program of the Central Government. By 2024, 1,020 schools are implementing the Soil Health Program. 1,000 soil testing laboratories have been established in these schools. The Soil Health Card Scheme has been merged as a component in the National Agricultural Development Scheme named Soil Health and Fertility from 2022-23. The government issued guidelines for Village Level Soil Testing Laboratories (VLSTL) in June 2023. VLSTL can be set up by rural youth and community based entrepreneurs, including self-help groups, schools, agricultural universities, etc. By February 2025, 665 village level soil testing laboratories have been established in 17 states. In 2023, the government integrated the Soil Health Card portal with Geographic Information System (GIS), so that all test results can be seen on the map. The government has also launched the Nutrition Based Subsidy (NBS) scheme. In this, the balanced use of fertilizers is being promoted. So far 21 fertilizers have been brought under the purview of the NBS scheme. To improve the health of the soil, the Modi government is emphasizing on crop diversification. Under this, the government has increased the support price of pulses-oilseeds crops and coarse grains substantially. This has brought the expected improvement in the government procurement of these crops. In view of this, now the government is creating a nationwide network of government procurement-storage-marketing of pulses-oilseeds and coarse grains at the support price. This will not only ensure food security, but will also reduce the huge expenditure on centralized storage of grains. For this, the world's largest storage scheme has been started in the cooperative sector, under which warehouses are being built at the level of Primary Agricultural Cooperative Societies (PACS). Local produce will be stored in these warehouses and distributed under the public distribution system. The opposition may accuse PM Modi, but the truth is that after independence, he is the first Prime Minister who took care of the barren land.

# Be careful of cheap politics, misleading and provocative rhetoric on the new education policy

Languages ??are not only a medium of communication but also promote social harmony by developing literary-cultural understanding. Education is in the concurrent list but according to Article 254, if there is a contradiction in the laws of the state and the center, then the law of the center will prevail. Apart from this, Article 257 ensures that the state governments do not take such steps which become an obstacle in the policies of the Center. The famous Greek philosopher Plato said, 'Education should not be a slave of politics, but should be a guide to truth and progress.' Unfortunately, Macaulay during the British rule and various political parties and educationists associated with them after independence misused education for political interests, which caused great harm to the students, society and the nation. Even at present, the political tug of war being done by the Tamil Nadu government with the central government regarding the National Education Policy-2020 is not only undesirable, but is also not in the interest of the students of Tamil Nadu. It is also not in accordance with the spirit of the Indian Constitution. The current controversy has been raised by Tamil Nadu Chief Minister MK Stalin over some of the National Education Policy (NEP) 2020, especially its linguistic provisions. Stalin is opposing several aspects of the NEP, such as the three-language formula and the Common University Entrance Test. Regarding the three-language formula, he alleges that it imposes Hindi and Sanskrit on Tamil Nadu and that it poses a threat to the Tamil language and culture. Stalin has also criticized the central government for linking the NEP with the Samagra Shiksha Abhiyan and PM Shri School and has appealed to Prime Minister Modi to release funds under the Samagra Shiksha Abhiyan. Apart from this, he has also cited the federal character of the Indian Constitution that education comes under the concurrent list and states have complete autonomy in it. The Stalin government is making such claims in an attempt to gain political advantage ahead of the upcoming Tamil Nadu Assembly elections. Various political parties in Tamil Nadu are also joining Stalin's voice in the fear that the DMK may take political advantage on this issue. To fully understand the issue, it would be relevant to know the process of making NEP-2020. NEP-2020, prepared to face the social, economic and technological challenges of the 21st century, has been appreciated worldwide. NEP-2020, prepared on the basis of suggestions received from educationists and public representatives from 2.5 lakh Gram Panchayats and 676 districts from all four corners of the country including Tamil Nadu, is truly national. K. Kasturirangan, the chairman of the committee that prepared the NEP, is himself of Tamil origin. NEP promotes Indian languages ??and multilingualism. It includes all 22 languages ??of the Eighth Schedule of the Constitution. The new three-language formula is more inclusive and flexible than the earlier three-language policies of 1968 and 1986. In the earlier three-language policy, English, Hindi and another Indian language were taught in Hindi-speaking states, while in non-Hindi speaking states there was a provision for English, the regional language of the state and Hindi, but in the new policy, students can study any two Indian languages. Now Hindi or any particular language is not compulsory, that is, a student of Tamil Nadu or any state can study Telugu, Malayalam, Kannada, Marathi, Hindi, Sanskrit, or any language of the Eighth Schedule. Therefore, Stalin's claim that Hindi or Sanskrit is being imposed on Tamil Nadu is misleading and provocative. The new three-language formula will give students an opportunity to understand other languages ??and cultures. This will make trade, business and other activities easier for the people of all states including Tamil Nadu. From a constitutional point of view, the three-language policy is also in accordance with the spirit of the Indian Constitution, because multilingualism arising from three languages ??will increase mutual understanding and intimacy among people. Languages ??are not only a means of communication, they also promote social harmony by developing literary-cultural understanding. Education is in the concurrent list, but according to Article 254, if there is a contradiction in the laws of the state and the center, then the law of the center will prevail. Apart from this, Article 257 ensures that the state governments do not take such steps that become an obstacle in the policies of the center. Arrangements like Common University Entrance Test or Multiple Entry-Exit are commendable and in the interest of students. Opposing them is pure politics. If the forward-looking NEP-2020 is not implemented in Tamil Nadu, the students there will be deprived of national and global opportunities. Stalin is making baseless allegations that the Modi government is weakening the Tamil language and culture, whereas Modi is probably the first Prime Minister who has made maximum efforts to promote Tamil language and culture. The plan to establish Tiruvalluvar Cultural Centres across the world in the name of Tamil poet-philosopher Tiruvalluvar, getting Tirukkural and many ancient Tamil texts translated into various languages ??and disseminating them to promote Tamil literature, the visionary initiative to promote Tamil language and culture in North India through 'Kashi-Tamil Sangamam' in Varanasi, celebrating Indian Language Festivals across the country on the birth anniversary of Tamil poet Subramaniam Bharati or organizing various All India examinations in Tamil language, all these steps reflect Prime Minister Modi's deep commitment towards Tamil language and culture.

# रमजान, होली-ईद पर सफाई-कानून व्यवस्था व पेयजल का बेहतर हो प्रबंध, AIMIM ने सौंपा ज्ञापन

## एआईएमआईएम के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन कलेक्ट्रेट में दिया

मुरादाबाद- रमजान, होली व ईद पर लोगों को बेहतर कानून व्यवस्था, सफाई व सुचारू पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित कराने के लिए शनिवार को एआईएमआईएम का प्रतिनिधिमंडल जिलाध्यक्ष



एडवोकेट मोहिद फरगानी व महानगर अध्यक्ष एडवोकेट वकी रशीद के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पहुंचा। मुख्यमंत्री को संबोधित चार सूत्रीय मांगों का ज्ञापन जिला प्रशासन के अधिकारी को सौंपा। इसके माध्यम से 2 मार्च से शुरू हो रहे रमजान महीने, होली और ईद के अवसर पर जिले व पूरे प्रदेश में बेहतर कानून व्यवस्था, बिजली, पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की। उन्होंने कहा कि इस दौरान कोई अराजकता न फैले इसके लिए सरकार कानून व्यवस्था दुरुस्त करे। सड़कों को गड्ढा मुक्त किया जाए। जिससे लोगों को आवागमन में असुविधा न हो। नालियों, सड़कों व गलियों में सफाई व्यवस्था सही रखने के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया जाए। रमजान महीने में सेहरी व इफ्तार के दौरान निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित किया जाए। साथ ही पूरे महीने में बिजली आपूर्ति में खलल न हो सरकार इसका प्रबंध कराए जिससे गर्मी में रोजेदारों को दिक्कत न हो। प्रतिनिधिमंडल में महमूद अली, खालिद चौधरी, अहतशाम मंसूरी, अतीकुर्रहमान, मोहम्मद फईम, बब्बू, असद नईमी आदि शामिल रहे।

# जिले में कुष्ठ रोगी खोजी अभियान शुरू, सीएमओ ने दिखाई हरी झंडी

## जिले में लगीं 2522 टीमें, 18 मार्च तक चलेगा अभियान

मुरादाबाद- राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत शनिवार से समाज में छिपे कुष्ठ रोगियों को खोज निकालने के उद्देश्य से जिले में कुष्ठ रोगी खोजी अभियान शुरू हुआ। शनिवार को अपने कार्यालय परिसर से अभियान में प्रचार वाहन को मुख्य चिकित्साधिकारी डा. कुलदीप सिंह ने हरी झंडी दिखाकर



रवाना किया। जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ. नरेंद्र कुमार ने कहा कि अभियान को सफल बनाने के लिए जन सहभागिता बहुत जरूरी है। उन्होंने लोगों से अपील की कि विभाग की टीम घर जाए तो उसका सहयोग करें। जिससे कुष्ठ रोग के लक्षण वाले व्यक्ति को सही जानकारी मिल सके और सही समय पर उसका इलाज आरंभ हो सके।जिला कुष्ठ परामर्शदाता डॉ. भास्कर अग्रवाल ने बताया कि यह अभियान 18 मार्च तक चलेगा। इस अभियान में एक आशा व एक पुरुष कार्यकर्ता की टीम घर-घर जाकर कुष्ठ रोगियों की खोज करेंगे। इस अभियान के लिए जिले में 2522 टीमों को लगाया गया है। इसमें 2497 टीमें सामान्य जनसंख्या के लिए और 25 टीम में घुमंतु जनसंख्या के लिए बनाई गई है। पांच टीमों पर कार्य के पर्यवेक्षण के लिए एक सुपरवाइजर को लगाया गया है। इस दौरान उप मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजीव बेलवाल, डॉ. नितिन यादव, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के जिला कार्यक्रम प्रबंधक ( डीपीएम ) रघुवीर सिंह, डीसीपीएम चंद्रशेखर, अर्बन हेल्थ कोऑर्डिनेटर प्रमोद कुमार, जिला नाभिक टीम के रामानंद बाजपेई आदि उपस्थित रहे।

# टैक्स बकाया में पांच प्रतिष्ठानों को निगम ने सील किया, कुर्की नोटिस चस्पा सिविल लाइंस के जाहिदा अनवर पर था 58 लाख रुपये से अधिक का बकाया, रामगंगा विहार के राम कटारिया कांप्लेक्स पर बकाया था 7,45,593 रुपये

मुरादाबाद- वित्तीय वर्ष के समापन की ओर जाने पर नगर निगम प्रशासन गृहकर व जलकर के बड़े बकायेदारों पर और सख्त हो गया है। अब तक टैक्स न चुकाने वालों के प्रतिष्ठान सील किए जा रहे हैं। शुक्रवार को नगर निगम के अधिकारियों ने पांच बड़े बकायेदारों के प्रतिष्ठान को सील कर कुर्की नोटिस भी चस्पा कर दिया। इसमें सिविल लाइंस की जाहिदा अनवर पत्नी अनवर कय्यूम पर 58 लाख 442 रुपये का बकाया था जिस पर प्रतिष्ठान सील कर दिया गया। इसके अलावा माला कपूर निवासी गांधी नगर, रियाजउद्दीन निवासी पीतलनगरी, नफीसा बेगम लाजपत नगर, राम कटारिया कॉम्प्लेक्स रामगंगा विहार प्रथम के प्रतिष्ठान भी सील कर दिए गए। मुख्य कर निर्धारण अधिकारी आरती सिंह के नेतृत्व में निगम के अधिकारियों व प्रवर्तन दल की टीम गृहकर व जलकर के बकायेदारों के प्रतिष्ठानों पर पहुंची। जिसने मौके पर बकाया कर जमा नहीं किया उसका प्रतिष्ठान टीम ने सील कर दिया। जिन प्रतिष्ठानों को सील किया गया उनमें सिविल लाइंस की जाहिदा अनवर पत्नी अनवर कय्यूम पर 58 लाख 442 रुपये का बकाया था। इसे जमा न करने पर टीम ने प्रतिष्ठान सील कर कुर्की नोटिस भी चस्पा कर दिया। इसके अलावा माला कपूर पत्नी अशोक गांधी नगर पर 6,70,450 रुपये का टैक्स बकाया था। जिसे जमा न करने पर प्रतिष्ठान सील किया गया। साथ ही पीतल नगरी निवासी रियाजउद्दीन पुत्र सलामउद्दीन पर 11,79,914.23 रुपये, नफीसा बेगम पत्नी मोहम्मद युसूफ निवासी लाजपतनगर पर 3,39,420 रुपये व राम कटारिया काम्प्लेक्स रामगंगा प्रथम पर 7,45,593 रुपये का कर बकाया था। जिसे जमा न करने पर प्रतिष्ठान को सील कर दिया गया। कार्रवाई के दौरान कर निर्धारण अधिकारी प्रमोद कुमार, कर अधीक्षक मंगल सिंह पापड़ा, राजस्व निरीक्षक उमेश तोमर, सचिन सैनी, कर संग्रहकर्ता



ओमकार सिंह, केशव नारायण व प्रवर्तन दल के जवान भी मौजूद रहे। मुख्य कर निर्धारण अधिकारी ने बताया कि महानगर के सभी जोन में गृहकर, जलकर के बकाया वसूली को लेकर कार्रवाई की जा रही है। जो भी अपना टैक्स नहीं जमा करेगा उसका प्रतिष्ठान सील कर कुर्की कराई जाएगी। चार प्रतिष्ठानों ने जमा की कुछ धनराशि, मिली मोहलत- नगर निगम की टीम के कार्रवाई के लिए पहुंचने पर चार प्रतिष्ठानों की ओर से अपने बकाया के सापेक्ष कुछ धनराशि जमा करने पर टीम उनके प्रतिष्ठान को सील किए बिना लौटी। शेष बकाया टैक्स की धनराशि हर हाल में 31 मार्च से पहले जमा करने की चेतावनी दी। बकाया जमा करने वालों में कोठीवाल नगर के कृष्ण रामौतार अग्रवाल ने 12,03,581 रुपये में से 4 लाख, रमेश कुमारी पत्नी जगदीश लाल सुनेजा निवासी सराय खालसा ने 11,02,591 रुपये के सापेक्ष 5 लाख रुपये जमा किया। जबकि रामौतार अग्रवाल पुत्र गोपीचंद ने 2,27,667 लाख रुपये में से 1.10 लाख रुपये जमा किया। जबकि रामगंगा विहार प्रथम के राजीव कुमार शर्मा पुत्र ज्ञानेंद्र शर्मा ने 8,84,581 रुपये के सापेक्ष 3.50 लाख रुपये जमा कर दिया।

# मुरादाबाद मंडल के 348 केंद्रों पर होगी गेहूं की खरीद, तैयारियां पूरी सरकार ने निर्धारित किया है गेहूं का 2425 रुपये प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य, मुरादाबाद जिले में 66 केंद्रों पर होगी खरीद, तैयारियां पूरी

मुरादाबाद- मुरादाबाद मंडल के पांचों जिलों में एक मार्च से गेहूं खरीद शुरू होगी। इसके लिए मंडल में 348 क्रय बनाए गए हैं। इन केंद्रों पर सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। गेहूं खरीद के लिए अब तक संभाग के पांचों जिलों में कुल 24,672 किसानों ने विभाग के पोर्टल पर पंजीकरण कराया है। इसमें से अधिकांश का सत्यापन हो चुका है।इस बार गेहूं खरीद के लिए सरकार ने 2425 रुपये प्रति क्विंटल गेहूं का समर्थन मूल्य निर्धारित किया है। सरकार का उद्देश्य किसानों को बिचौलियों से बचाकर सरकारी क्रय केंद्रों पर खरीद सुनिश्चित कराना है। इसके लिए मंडल में पांचों जिलों को मिलाकर 348 क्रय केंद्र निर्धारित किए गए हैं। जिसमें मुरादाबाद में 66 केंद्र पर गेहूं खरीद की तैयारियां पूरी हो गई हैं। इन केंद्रों के प्रभारियों को शासन के निर्देश के अनुसार खरीद सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया है। जिला खाद्य विपणन अधिकारी विनीता मिश्रा का कहना है कि मुरादाबाद जिले में गेहूं खरीद के लिए केंद्रों पर मूलभूत सुविधाएं जैसे, पेयजल, छाया के लिए टेंट, वाहनों के आवागमन के लिए रास्ता व केंद्र पर बोरा, डस्टर, इलेक्ट्रानिक तौल कांटा, रिकार्ड दर्ज करने के लिए रजिस्टर आदि उपलब्ध कराया गया है। शासन के निर्देश के अनुसार खरीद सुनिश्चित कराई जाएगी। संभाग के पांचों जिले मुरादाबाद, सम्भल, रामपुर, बिजनौर, अमरोहा में एक मार्च से गेहूं खरीद के लिए 348 केंद्र निर्धारित किए गए हैं। सरकार ने गेहूं का समर्थन मूल्य 2425 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया है। हालांकि शासन से अभी खरीद लक्ष्य निर्धारित नहीं है। क्रय नीति भी नहीं आई है। मंडल में सरकारी व विभाग के एजेंसियों पर गेहूं खरीद के लिए अब तक 24,672 किसानों ने पंजीकरण कराया है। केंद्रों पर मूलभूत सुविधाएं इलेक्ट्रानिक तौल कांटा, पेयजल, छाया के लिए व्यवस्था, केंद्र पर खरीद से संबंधित बैनर जिस पर टोल फ्री नंबर आदि दर्ज होगा लगना सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया है। शासन के निर्देश के अनुसार खरीद कराई जाएगी।-दुर्गेश प्रसाद, संभागीय खाद्य विपणन अधिकारी, मुरादाबाद संभाग

**गेहूं खरीद के लिए जिलों में एजेंसीवार क्रय केंद्र**

| जिला | खाद्य विभाग | पीसीएफ | पीसीयू | एफसीआई | यूपीएसएस | एनसीसीएफ | नैफेड | मंडी | केंद्रों की संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मुरादाबाद | 17 | 16 | 4 | 6 | 5 | 4 | 14 | 0 | 66 |
| रामपुर | 16 | 48 | 27 | 8 | 15 | 5 | 11 | 3 | 133 |
| सम्भल | 11 | 30 | 10 | 6 | 4 | 2 | 8 | 0 | 71 |
| अमरोहा | 10 | 18 | 2 | 3 | 0 | 0 | 0 | 1 | 34 |
| बिजनौर | 16 | 22 | 0 | 4 | 0 | 0 | 2 | 0 | 44 |
| योग | 70 | 134 | 43 | 27 | 24 | 11 | 35 | 4 | 348 |

**जिलेवार पंजीकृत किसानों की संख्या**

| | |
|---|---|
| मुरादाबाद | 6583 |
| सम्भल | 5002 |
| रामपुर | 7744 |
| बिजनौर | 3944 |
| अमरोहा | 1399 |
| योग | 24,672 |

## संक्षिप्त समाचार

# 10 साल के बच्चे के साथ कुकर्म, दो किशोर गए संप्रेक्षण गृह

मुरादाबाद- मझोला थाना क्षेत्र में 10 साल के बच्चे से कुकर्म का शर्मनाक मामला सामने आया है। मोहल्ले के ही दो किशोर आरोपियों ने उसके साथ दुष्कर्म किया। अश्लील वीडियो भी बना ली और उसे वायरल कर दिया। पिता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर दोनों किशोर आरोपियों को गिरफ्तार कर किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश किया। जहां से संप्रेक्षण गृह भेज दिया। थाना मझोला के जयंतीपुर चौकी क्षेत्र निवासी व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसका बेटा 10 साल का है। पीड़ित के अनुसार एक साल पहले एक दिन उनका बेटा घर में अकेला था। आरोप लगाया कि उसी दौरान मोहल्ले में ही रहने वाले 16 और 17 वर्षीय दो लड़के उसके घर आ गए। आरोपियों ने डरा धमका कर बच्चे के साथ कुकर्म किया और उसकी अश्लील वीडियो भी बना ली। बाद में बच्चे को ब्लैकमेल कर शोषण करते रहे। पीड़ित बच्चे को धमकी दी कि यदि किसी से बताया तो वीडियो वायरल कर देंगे। इतना ही नहीं आरोपी किशोरों ने पीड़ित को जान से मारने की भी धमकी दी। आरोपियों ने बच्चे की वीडियो भी वायरल कर दी। जिसके बाद परिवार वालों को पता चला। जब परिजनों ने बच्चे से बात की तो उसने पूरी आपबीती सुनाई। जिसके बाद पीड़ित को लेकर उसका पिता थाने पर पहुंच कर तहरीर दिया। एसएचओ मझोला मोहित चौधरी ने बताया कि तहरीर के आधार पर दोनों नाबालिग आरोपियों के खिलाफ बीएनएस और पाक्सो एक्ट की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। दोनों पर आईटी एक्ट भी लगाई गई है। पीड़ित बच्चे का शुक्रवार को जिला अस्पताल में मेडिकल कराया गया है। थाना प्रभारी के अनुसार पुलिस टीम ने दोनों नाबालिग आरोपियों को गिरफ्तार कर किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश किया। जहां से दोनों को किशोर संप्रेक्षण गृह भेज दिया गया है।

## माफिया ने जमा कर दिया अधिकारियों के बंगले का टैक्स, गृहकर व जलकर जमा होने से मची खलबली

मुरादाबाद- एक तरफ नगर निगम के अधिकारी गृहकर व जलकर वसूली के लिए सिर पटक रहे हैं। बड़े बकायेदारों का नाम सार्वजनिक कर उनसे बकाया वसूलने में लगे हैं। तो दूसरी तरफ माफिया ने जिले के आला अधिकारियों के बंगले व कार्यालय का टैक्स जमा कर शातिराना चाल चल दी है। इसे अधिकारियों के नाम पर आवंटित संपत्ति को हथियाने की साजिश माना जा रहा है। जिलाधिकारी को जब इसका पता चला कि उनके आवास का भी टैक्स किसी ने जमा कर दिया है तो उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों को इसकी जांच के लिए पत्र लिखा तो हड़कंप मच गया। हालांकि नगर निगम के अधिकारियों का कहना है कि किसी के द्वारा केवल टैक्स जमा करने से मालिकाना हक नहीं मिल जाएगा।एक तरफ जहां नगर निगम प्रशासन करोड़ों रुपये के गृहकर व जलकर वसूली के लिए प्रतिष्ठानों को सील कर रहा है। तो दूसरी ओर माफिया के द्वारा जिलाधिकारी के बंगले का हाउस टैक्स व जलकर जमा कर दिया। जब इसकी जानकारी जिलाधिकारी को मिली तो वह दंग रह गए। आनन फानन में उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों को इसकी जांच के लिए आदेश दिया। जांच के दायरे में केवल जिलाधिकारी का बंगला ही नहीं आसपास के अन्य कई आलाधिकारियों के टैक्स जमा करने का रिकॉर्ड भी खंगाला जा रहा है। जिलाधिकारी के पत्र पर नगर निगम के अधिकारियों के होश फाख्ता हो गए। किसके नाम पर कब से आवंटन चल रहा है। पिछला टैक्स कब जमा किया गया, किसने जमा किया। आईडी कैसे दूसरे के द्वारा इस्तेमाल की गई इन सभी बिंदुओं की जांच की जा रही हैं। अपर नगर आयुक्त द्वितीय अजीत कुमार का कहना है कि ऐसी बात सामने आई है। जिलाधिकारी के द्वारा जो पत्र भेजा गया है उसकी गहनता से जांच कराई जा रही है। जिलाधिकारी के पत्र के क्रम में जो भी निर्देश दिया गया है उसके हर बिंदु की जांच कराई जा रही है। आईडी जेनरेट होने आदि की पूरी जांच हो रही है। पूर्व में एडीएम सिटी के न्यायालय में एक वाद एसएसपी के आवास व कार्यालय के टैक्स जमा होने से संबंधित आया था। इसको लेकर अन्य सरकारी कार्यालयों व अधिकारियों के आवासों के गृहकर व जलकर आदि के टैक्स जमा करने की आशंका को देखते हुए नगर निगम के अधिकारियों को जांच के लिए पत्र लिखा है। क्योंकि कई बार लोग गृहकर, जलकर आदि जमा करने के आधार पर स्वामित्व का दावा भी करते हैं। इसको देखते हुए विस्तार से जांच कर रिपोर्ट देने का आदेश दिया है। रिपोर्ट मिलने के आधार पर इसमें जो भी संलिप्त होगा उसके खिलाफ कार्रवाई करेंगे। - अनुज सिंह, जिलाधिकारी

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# डीएम ने ग्राम कौल्हाई में लाभार्थी से लिया व्यवस्थाओं का फीडबैक

क्यूँ न लिखूँ सच

आज जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव ने शनिवार को तहसील सहसवान के ग्राम कौल्हाई में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की लाभार्थी आरती देवी पत्नी महेश व फूल कुमारी पत्नी भाईलाल के घर जाकर उनसे वार्ता की। उन्होंने व्यवस्थाओं के संबंध में लाभार्थियों से फीडबैक लिया। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी सरकारी योजनाओं का लाभ पात्रों को पूरी पारदर्शिता से दिया जाए। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की लाभार्थी फूल कुमारी पत्नी भाईलाल जिनको वर्ष 2022-23 में योजना का लाभ मिला है, उनके घर का मुआयना किया। उन्होंने इस वित्तीय वर्ष 2024-25 की लाभार्थी आरती देवी पत्नी महेश के घर जाकर उनसे वार्ता की। डीएम ने लाभार्थियों से व्यवस्थाओं के सम्बंध में फीडबैक भी लिया। डीएम ने ग्राम कौल्हाई के निरीक्षण के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के लाभार्थियों व ग्राम की अन्य महिलाओं व ग्रामवासियों से संवाद स्थापित करते हुए उनको प्रदेश व केन्द्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न लाभार्थीपरक योजनाओं का लाभ लेने के लिए कहा, ताकि उनका भी सामाजिक व आर्थिक उत्थान हो सके। डीएम ने ग्राम के भ्रमण के दौरान पैदल चलकर मुआयना किया। उन्होंने अधिकारियों व ग्राम प्रधान को ग्राम में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने के लिए कहा। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# आठ मार्च से शुरु होगी 165 साल पुरानी श्रीरामलीला 13 को राम बारात निकलेगी

क्यूँ न लिखूँ सच -सत्यम शर्मा

बरेली। श्री रामलीला सभा, बृहमपुरी, नाथ नगरी, बरेली धाम द्वारा आयोजित ऐतिहासिक रामलीला आठ मार्च से शुरू होगी। इसके मंचन पर आधारित एक पुस्तक का विमोचन आज किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने रामलीला के ऐतिहासिक, धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व को रेखांकित किया। वक्ताओं ने बताया कि बरेली की रामलीला पिछले 165 वर्षों से मंचित हो रही है और इसे समाज के सभी वर्गों का सहयोग प्राप्त है। इस परंपरा को भविष्य में भी संरक्षित करने के लिए इस पुस्तक का प्रकाशन किया गया है। जिसमें रामलीला के विभिन्न पहलुओं को समाहित किया गया है। इस मौके पर वक्ताओं ने यह भी बताया कि रामलीला पर एक शोध ग्रंथ का प्रकाशन 13 मार्च 2025 को किया जाएगा, जिसमें रामलीला की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक यात्रा को विस्तार से संकलित किया जाएगा।समिति के पदाधिकारियों ने आश्वस्त किया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी रामलीला का भव्य मंचन किया जाएगा, जिसमें श्री राम कथा के विभिन्न प्रसंगों को दर्शाया जाएगा। इस दौरान कलाकारों की तैयारियों को लेकर भी चर्चा की गई। इस अवसर पर संरक्षक डॉ. उमेश गौतम, किशोर कट्टर, अनुपम कपूर, सर्वेश रस्तोगी सहित समिति के कई पदाधिकारी एवं शहर के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। रामलीला सभा के पदाधिकारियों ने सभी से आयोजन को भव्य बनाने में सहयोग की अपील की और इस ऐतिहासिक परंपरा को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।



# कैंट विधायक संजीव अग्रवाल का लोकतंत्र सेनानियों ने किया स्वागत

क्यूँ न लिखूँ सच -सत्यम शर्मा

बरेली। लखनऊ से बरेली आने पर कैंट विधायक संजीव अग्रवाल के रामपुर बाग स्थित कार्यालय पहुंचकर लोकतंत्र सेनानियों ने उनका स्वागत किया। यह स्वागत गत 25 फरवरी को बजट सत्र के दौरान विधानसभा में कैंट विधायक ने अपने विचार व्यक्त करते हुए प्रदेश के लोकतंत्र सेनानियों की सम्मान राशि में वृद्धि करने की सरकार से मांग की। उन्होंने यह भी कहा वर्तमान में 70, 75 वर्ष की आयु में जीवन यापन कर रहे लोकतंत्र सेनानियों को दी जा रही सुविधाओं में भी वृद्धि करने का मुद्दा उठाया। इसी उपलक्ष्य में भारतीय लोकतंत्र रक्षक सेनानी समिति के प्रदेश महामंत्री वीरेंद्र कुमार अटल के नेतृत्व में लोकतंत्र सेनानियों ने कैंट विधायक का स्वागत किया। इस अवसर पर संजीव अग्रवाल ने कहा कि विधानसभा में लोकतंत्र सेनानियों के हित में विचार रखने के परिणाम स्वरूप प्रदेश भर के लोकतंत्र सेनानियों का मुझे आशीर्वाद मिल रहा है। उन्होंने विश्वास दिलाया की प्रदेश के मुख्यमंत्री और वित्त मंत्री से व्यक्तिगत भेंट कर लोकतंत्र सेनानियों के हित में अपनी जिम्मेदारी निभाने का प्रयास करूंगा। इस अवसर पर स्वागत करने आए लोकतंत्र सेनानियों का संजीव अग्रवाल ने अभिनंदन भी किया। सम्मानित होने वाले लोकतंत्र सेनानी वीरेंद्र कुमार अटल, विनोद कुमार गुप्ता, सुमंत कुमार महेश्वरी , राजेंद्र बहादुर चौधरी, अरुण कुमार श्रीवास्तव, वेद प्रकाश वर्मा, राजेंद्र पाल सिंह कनौजिया, सुंदरलाल गुप्ता शामिल रहे। सम्मान समारोह में सोनू कालरा, अमरीश कठेरिया, अरुण कश्यप, प्रदीप मालिक मौजूद रहे।



# बरेली में तेज रफ्तार का कहर: श्रद्धालुओं से भरी बस ट्रैक्टर से टकराई, दो की मौत, तीन घायल

क्यूँ न लिखूँ सच -सत्यम शर्मा

बरेली। भोजीपुरा थाना क्षेत्र में शुक्रवार देर रात श्रद्धालुओं से भरी एक डबल डेकर बस तेज रफ्तार में ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकरा गई, जिससे दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई, घायलों को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। मृतकों की पहचान आशीष ( 30 ) पुत्र घनश्याम और बस हेल्पर लल्लन पुत्र आशु, दोनों निवासी भावनगर, गुजरात के रूप में हुई है। वहीं, सुधीर, विनोद और इंद्रावती गंभीर रूप से घायल हैं। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बस में मची चीख-पुकार, श्रद्धालुओं में दहशत-गुजरात के भावनगर से श्रद्धालुओं को लेकर निकली यह बस महाकुंभ में दर्शन कराने के बाद हरिद्वार जा रही थी। रात करीब 2 बजे जैसे ही बस भोजीपुरा के बिलबा पुल पर पहुंची, ड्राइवर का नियंत्रण बस से हट गया और वह सामने चल रही ट्रैक्टर-ट्रॉली से जा भिड़ी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बस का आगे का हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। स्थानीय लोगों ने किसी तरह यात्रियों को बस से बाहर निकाला और स्थानीय पुलिस को सूचना दी ।।




# भीम आर्मी चीफ चंद्रशेखर आजाद के काफिले पर हमले के विरोध में बरेली में धरना, राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

क्यूँ न लिखूँ सच -सत्यम शर्मा

बरेली। मथुरा में दलित समाज की बहनों की बारात में दुल्हनों के साथ छेड़छाड़ के मामले में पीड़ित परिवार से मिलने जा रहे भीम आर्मी प्रमुख एवं नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद के काफिले पर हुए पथराव के विरोध में आज बरेली में भीम आर्मी एवं अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों ने जिला अधिकारी कार्यालय पर धरना दिया। धरने के दौरान सिटी मजिस्ट्रेट को राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की गई और चंद्रशेखर आजाद की सुरक्षा बढ़ाकर '+ श्रेणी देने की मांग उठाई गई। इस विरोध प्रदर्शन में भीम आर्मी बरेली जिला अध्यक्ष सुशील कुमार गौतम, मंडल अध्यक्ष एडवोकेट विकास बाबू, लीगल सेल जिला अध्यक्ष नेत्रपाल सिंह, लीगल सेल मंडल संयोजक एडवोकेट अमर सिंह, जिला उपाध्यक्ष डॉ रूपकिशोर प्रजापति, हसन अहमद, समीर मैसी, संदीप रतन सहित कई अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। भीम आर्मी नेताओं ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में इस तरह की हिंसा अस्वीकार्य है, और दोषियों के खिलाफ जल्द से जल्द सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। साथ ही, उन्होंने चेतावनी दी कि अगर उचित कदम नहीं उठाए गए, तो संगठन बड़े स्तर पर आंदोलन करेगा।






प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश ( Birthday, anniversary, any kind of message ) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए सम्पर्क करे- 9027776991

## संक्षिप्त समाचार

# प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम से प्रेरणा लेकर शुरू की फूलों की खेती ,आज आमदनी के साथ-साथ पहचान भी बढ़ी है।

क्यूँ न लिखूँ सच

रिठौरा।देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से आत्मनिर्भर भारत बनाने के सपनों को लग रहे पंख,सादा खेती करने वाले थाना इज्जतनगर के गांव नवदिया के रहने वाले ओमप्रकाश मौर्य ने खेती का तरीका बदला और तीस बीघा जमीन पर फूलों की खेती शुरू की लगभग तीन दर्जन से अधिक लोगों को अपने साथ काम पर रखकर फूलों के पौधों को तैयार कर उनकी बिक्री न केवल अपने शहर बल्कि अन्य शहरों और पड़ोसी राज्यों को भी कर रहे हैं। उन्होंने फूलों की नर्सरी का नाम भी न्यू ओमप्रकाश रखा है। जिसमें खूब पौधों की बिक्री होती है।जिससे उनकी आय में भी वृद्धि हुई है।साथ अन्य साथियों को भी गांव में ही रहकर काम भी मिला है। किसान ओमप्रकाश मौर्य ने बताया उनकी शिक्षा केवल आठवीं तक है। दादा -परदादा,पिता जी सब खेती करते रहे हैं। परिवार चलाना मुश्किल था। लेकिन प्रधानमंत्री जी के मन की बात कार्यक्रम से प्रेरणा लेकर खेती बदली और फूलों की खेती ने जीवन ही बदल दिया है।



# पैंतीस छात्र-छात्राओं ने छोड़ी गणित की परीक्षा

क्यूँ न लिखूँ सच

रिठौरा।नगर के दरबारी लाल शर्मा इण्टर कॉलेज में चल रहीं यूपी बोर्ड की शनिवार को प्रथम पाली में हुई हाईस्कूल गणित की परीक्षा में कुल पंजीकृत 470 में 435 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा दी। पैंतीस छात्र-छात्राओं ने परीक्षा छोड़ दी। वहीं द्वितीय पाली में इण्टरमीडिएट की नागरिक शास्त्र की 98 में से 94 ने परीक्षा दी।चार ने छोड़ी दी।इस दौरान स्ट्रेटिक मजिस्ट्रेट प्रीति केन्द्र व्यावस्थापक आशीष कुमार सिंह अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापक वेदप्रकाश परीक्षा प्रमुख डाक्टर हरमीत सिंह, कुसुम गंगवार, रघुवीर सरन, राजपाल सिंह,लोकेश कुमार, अमरेश कुमार, गंगवार, डॉ राजेश कुमार गंगवार,सिद्दी सिंह, गिरजेश बाला,एस आई तुलसीदास कान्स्टेबल अनुराग सचिन,सहित तमाम पुलिस फोर्स मौजूद रहा।

# डीएम ने गौशाला के निरीक्षण में सचिव का किया स्पष्टीकरण तलब व सफाईकर्मी का रोका वेतन

क्यूँ न लिखूँ सच

आज जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव ने शनिवार को ब्लॉक सहसवान के ग्राम कौल्हाई में गौशाला का निरीक्षण किया।



उन्होंने भूसा स्टॉक पंजिका में 01 दिसम्बर 2024 के बाद कोई प्रविष्टि ना होने व केयरटेकर की उपस्थिति पंजिका न मिलने पर नाराजगी व्यक्त की व ग्राम पंचायत कौल्हाई के सचिव का स्पष्टीकरण तलब करने के निर्देश दिए। उन्होंने गौशाला में समुचित साफ-सफाई व्यवस्था न मिलने पर सफाईकर्मी का एक दिन का वेतन रोकने के निर्देश भी दिए। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान पाया कि यह गौशाला वर्ष 2022 में निर्मित है, जिसमें वर्तमान में 82 गौवंश संरक्षित हैं। इनमें से 80 गौवंशों की ईयरटैगिंग भी कर दी गई है। उन्होंने गौवंशों को दिए जाने वाले हरे चारे की मात्रा को बढ़ाने के लिए कहा तथा गौशाला में गोबर गैस प्लांट की स्थापना भी कराने के निर्देश दिए। उन्होंने पशु चिकित्साधिकारी के निरीक्षण आदि से सम्बंधित पंजिका भी देखी।इस अवसर पर एसएसपी ब्रजेश कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडेय की अध्यक्षता में तहसील कलीनगर का तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस सम्पन्न हुआ

क्यूँ न लिखूँ सच

